# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan

## IIT Roorkee

### (News Clipping)

अमर उजाला | बुधवार • 05.02.2020
www.amarujala.com



आईआईटी में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

# ग्राम विकास में सौर ऊर्जा का हो बेहतर इस्तेमाल

**आईआईटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत चल रही कार्यशाला का दूसरा दिन**

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत चल रही कार्यशाला के दूसरे दिन ग्रामीण विकास के बेहतर प्रबंधन के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह ने जल संसाधन का उपयोग, सिंचाई व पेयजल का बेहतर प्रबंधन विषय पर मार्गदर्शन किया। आईआईटी रुड़की के प्रो. रिदम सिंह ने ग्रामीण विकास में सौर ऊर्जा के उपयोग पर अपना व्याख्यान दिया। मत्स्य विभाग के अधिकारी एलएम जोशी ने पर्वतीय क्षेत्रों में मत्स्य पालन विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया। आईआईटी रुड़की की प्रो. ऊषा ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए टीम बनाने व उनके नेतृत्व की बारीकियों पर चर्चा की। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने मौसम और कृषि प्रबंधन पर व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, भानु प्रताप, विक्रम, गुंजन लाल, मोहम्मद हारून, हरीश लखेड़ा, प्रो. आशीष पांडेय, प्रो. मुकेश कुमार श्रीवास्तव, नितिन शर्मा व धनंजय पासवान आदि उपस्थित रहे।